**(अपडेटेड) दिनांक: 03 अप्रैल, 2022**

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण वित्तीय वर्ष- 2019-20

(ज्ञात स्त्रोत रु 20,000 से अधिक का दान)

## (अपडेटेड)

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी-95, दूसरा मंजिल, सी एल हाउस,

गौतम नगर, नई दिल्ली- 110 049

मेल – adr@adrindia.org; दूरभाष : 011-4165 4200

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से अधिक प्राप्त दान का विश्लेषण - वित्तीय वर्ष- 2019-20

इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान राष्ट्रीय दलों को प्राप्त की गयी दान राशि (रु 20,000 से अधिक) का विश्लेषण है | ये राष्ट्रीय दल इस प्रकार हैं : भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बीएसपी**), नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**), आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआईटीसी**) और नेशनल पीपल्स पार्टी **(एनपीईपी)** |

## सारांश

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु :**

1. **राष्ट्रीय दलों द्वारा दान रिपोर्ट जमा करने की तारीख: वित्तीय वर्ष 2019-20**

   a) दलों द्वारा वार्षिक दान रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख 30 सितम्बर, 2020 थी |

   b) **बीएसपी** और **एनसीपी** ने अपना योगदान रिपोर्ट **समय पर** प्रस्तुत किया था जबकि **कांग्रेस**, **तृणमूल कांग्रेस, सीपीएम**, **बीजेपी,** और **सीपीआई** ने अपना दान रिपोर्ट क्रमशः **90** दिनों, **109** दिनों, **125** दिनों, **134** दिनों और **153** दिनों की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया |

   c) रिपोर्ट बनाते समय, **नेशनल पीपल्स पार्टी** का योगदान रिपोर्ट **309 दिनों** के बाद भी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं था इसलिए, इस दल का दान विवरण रिपोर्ट में विश्लेषित नहीं है |


| S. No. | Political Party | Financial Year 2019-20 : Due date for filling reports: 30.09.2020 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Party Code | Date of Submission | No. of days by which delayed |
| 1 | Bahujan Samaj Party | BSP | 07 September 2020 | - |
| 2 | Nationalist Congress Party | NCP | 25 September 2020 | - |
| 3 | Indian National Congress | INC | 30 December 2020 | **90 Days** |
| 4 | All India Trinamool Congress | AITC | 18 January 2021 | **109 Days** |
| 5 | Communist Party of India (Marxist) | CPM | 03 February 2021 | **125 Days** |
| 6 | Bhartiya Janata Party | BJP | 12 February 2021 | **134 Days** |
| 7 | Communist Party of India | CPI | 02 March 2021 | **153 Days** |
| 8 | National People's Party | NPEP | - | **309 Days** |

2. **पूरे भारत वर्ष से राष्ट्रीय दलों को प्राप्त रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण : वित्तीय वर्ष 2019-20**

   a) राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 में पूरे भारत वर्ष से अर्जित की गयी रु 20,000 से अधिक की दान राशि **रु 1013.805 करोड़** है जो **6363 दानों** द्वारा प्राप्त हुआ |

b) **बीजेपी** को **5576 दानों** द्वारा पूरे भारतवर्ष से **रु 785.77 करोड़** (रु 1.516 करोड़ का भूमि दान भी शामिल है) का दान प्राप्त हुआ और **कांग्रेस** को **350 दानों** से **रु 139.016 करोड़** मिला | **बीजेपी** का कुल दान बाकी **5 राष्ट्रीय दलों** के कुल दान से **3 गुना** से भी अधिक है |

c) **बीएसपी** ने पिछले **14 वर्षों** की तरह, **वित्तीय वर्ष 2019-20** में भी यह दर्शाया है की पार्टी को रु 20,000 से अधिक का दान प्राप्त नही हुआ है |





***Amount in case of one donation is not declared by party (CPM)**

## 3. <u>वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 में राष्ट्रीय दलों को प्राप्त दान की तुलना</u>

a) वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, राष्ट्रीय दलों का कुल दान पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में **रु 62.145 करोड़** (**6.53%**) की बढ़ोतरी देखी गयी है |

b) धनराशि के हिसाब से **बीजेपी** के दान में मामूली सी (**5.88%**) बढ़ोतरी हुई है | **बीजेपी** ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान **रु 742.15 करोड़** की दानराशि घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में बढ़कर **रु 785.77 करोड़** हो गयी | जबकि **वित्तीय वर्ष 2017-18** के तुलना में **वित्तीय वर्ष 2018-19** के दौरान पार्टी के दान में **70%** की वृद्धि हुई थी |

c) **कांग्रेस** ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान **रु 148.58 करोड़** का दान घोषित किया था जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में **6.44%** घटकर **रु 139.016 करोड़** हो गया | जबकि वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कांग्रेस के दान में **457%** की वृद्धि हुई थी |




***Amount in case of one donation is not declared by party (CPM)***


d) वित्तीय वर्ष 2018-19 के तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सीपीएम के दान में **551%** की बढ़ोतरी हुई है जबकि **तृणमूल कांग्रेस** के दान में **81%** से ज्यादा की गिरावट आयी है |

4. **<u>राष्ट्रीय दलों का राज्यवार दान : वित्तीय वर्ष 2019-20</u>**

a. चुनाव आयोग में दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट से, एडीआर ने दान दाताओं द्वारा घोषित किये गए पते से राष्ट्रीय दलों का राज्यवार विवरण किया है |

b. वित्तीय वर्ष 2019-20 में, राष्ट्रीय दलों को **महाराष्ट्र** से कुल **रु 368.135 करोड़**, **दिल्ली** से **रु 338.133 करोड़** और **कर्नाटक** से **रु 48.521 करोड़** का दान मिला है |

c. राष्ट्रीय दलों द्वारा अपने दान रिपोर्ट में दान दाताओं की अधूरी जानकारी देने के कारण, दलों के कुल दान का **6.196%** या **रु 62.815 करोड़** का दान, किसी राज्य या संघ शासित प्रदेशों से नहीं जोड़ा जा सकता था |





5. **<u>कॉर्पोरेट दान दाताओं और व्यक्तिगत दान दाताओं का विवरण : वित्तीय वर्ष 2019-20</u>**


   a) वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान राष्ट्रीय दलों को **रु 921.95 करोड़** (कुल दान का **91%**) का दान **2339 कॉर्पोरेट** दान दाताओं से प्राप्त हुआ है | **रु 74.495 करोड़** का दान (कुल दान का **7.35%**) **3493 व्यक्तिगत दान दाताओं** से प्राप्त हुआ है |

   b) **बीजेपी** को **2025 कॉर्पोरेट दान दाताओं** से **रु 720.407 करोड़** और **3062 व्यक्तिगत दान दाताओं** से **रु 58.782 करोड़** दान प्राप्त हुआ है |

   c) **कांग्रेस** को **154 कॉर्पोरेट दान दाताओं** से **रु 133.04 करोड़** का दान मिला और **196 व्यक्तिगत दान दाताओं** से **रु 5.976 करोड़** का दान मिला है |

   d) वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **बीजेपी** ने कॉर्पोरेट दान से सबसे अधिक दान **रु 720.407 करोड़** घोषित किया है जो अन्य सभी राष्ट्रीय दलों के कुल कॉर्पोरेट दान (**रु 201.543 करोड़)** का तीन गुना से अधिक है |


Sector-wise share of donations received by National Parties, FY 2019-20
Corporate/Business Houses- Rs 921.95 cr, (2339 donations)
Individual- Rs 74.495 cr, (3493 donations)
Others- Rs 10.794 cr, (44 donations)
Undeclared donors name- Rs 6.566 cr, (487 donations)


Party-wise contribution from various sectors for FY 2019-20 (in Rs Cr)
Donations from Corporate/Business Houses
720.407
133.040
57.086
6.916
4.500
0.000
Donations from Individual
58.782
5.976
2.860
2.769
3.584
0.525
Donations from Others
0.015
0.000
0.000
10.009
0.000
0.771
Donations from Undeclared donors name
6.566
0.000
0.000
0.000
0.000
0.000
BJP
INC
NCP
CPM*
AITC
CPI


6. **<u>शीर्ष के दो दान दाता : वित्तीय वर्ष 2019-20</u>**

a) प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने **बीजेपी** और **कांग्रेस** को कुल **रु 247.75 करोड़** का दान दिया है, यह ट्रस्ट दोनों दलों के शीर्ष दो दान दाताओं में से एक है | प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने **बीजेपी** को **रु 216.75 करोड़** (कुल प्राप्त दान का **27.58%**) और कांग्रेस को **रु 31 करोड़** (कुल प्राप्त दान का **22.30%**) का दान दिया है |

b) **बीजेपी** और **कांग्रेस** को **जनकल्याण इलेक्टोरल ट्रस्ट** से क्रमशः **रु 45.95 करोड़** (5.85%) और **रु 25 करोड़** (17.98%) का दान मिला है |

c) वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, राष्ट्रीय दलों के कुछ अन्य शीर्ष दान दाता में **आईटीसी लिमिटेड** (रु 68.96 करोड़ 8 दानों से), **बी जी शिर्के कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड** (रु 64.15 करोड़ 10 दानों से) और **न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट** (रु 42.50 करोड़ 4 दानों से) हैं |

d) राष्ट्रीय दलों के शीर्ष 10 दान के लिए, **अनुबंध-1** को देखें



# एडीआर के अवलोकन और सुझाव

## अवलोकन

1. 8 राष्ट्रीय दलों में से, पांच दलों (बीजेपी, कांग्रेस, सीपीआई, एनसीपी और सीपीएम) के दान रिपोर्ट में **1697 दान दाताओं** का पैन विवरण नहीं है, जिनसे दलों को **रु 47.121 करोड़ (4.65%)** का दान मिला | वित्तीय वर्ष 2018-19 (**रु 29.44 करोड़)** की तुलना में इस वर्ष इन राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित इस तरह के दान से अधिक है। **बीजेपी** अपने **1582** दान-दाताओं का पैन विवरण प्रदान करने में विफल रही है जिनसे दल ने **रु 44.238 करोड़** का दान प्राप्त किया है | **कांग्रेस** ने बिना पैन के **29 दानों** से **रु 82.60 लाख** एकत्रित किए, **सीपीआई** ने **42** दान दाताओं से **रु 89.30 लाख**, **सीपीएम** ने **42** दान दाताओं से **रु 86.40 लाख** और **एनसीपी** ने 2 दान दाताओं से **रु 30 लाख** चंदे का पैन विवरण घोषित नहीं किया है |
2. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, तीन राष्ट्रीय दलों (बीजेपी, कांग्रेस और सीपीएम) ने **94** दान दाताओं के अपूर्ण/गलत पैन विवरण घोषित किये हैं जिनसे दलों को **रु 13.757 करोड़** का चंदा प्राप्त हुआ है | यह दानराशि वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित दान का **छह गुना** से अधिक है |
3. **बीजेपी** ने **570 दानों** (रु 149.875 करोड़), **तृणमूल कांग्रेस** ने **52 दानों** (रु 7.1035 करोड़), **कांग्रेस** ने **25 दानों** (रु 2.6875 करोड़) और **एनसीपी** ने **2 दानों** (रु 3.005 करोड़) के भुगतान का तरीका जैसे चेक/ डीडी नंबर या बैंक का नाम या चेक/ डीडी की तारीख की जानकारी घोषित नही की है | इस प्रकार, जिन दान दाताओं ने सम्पूर्ण चेक/डीडी के विवरण के बिना दान दिया है, उनका पता लगाना मुश्किल होगा |
4. सीपीएम ने **39** दानों से **रु 1.0786 करोड़** और सीपीआई ने **29** दानों से **रु 52.17 लाख** का चेक और डीडी नंबर या बैंक का नाम या तारीख का विवरण घोषित नहीं किया है |
5. पिछले 14 वर्षों से लगातार , **बीएसपी** ने रु 20,000 से अधिक का दान घोषित नहीं किया है |
6. वित्तीय वर्ष 2019-20 के चुनावी ट्रस्ट के रिपोर्ट में देखा गया था की प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने बीजेपी को **रु 217.75 करोड़** का चंदा **29 दानों** से घोषित किया था जबकि **बीजेपी** ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपने दान रिपोर्ट में केवल **28 दानों** का विवरण घोषित किया है और इसमें **प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट** से **रु 1 करोड़** का दान शामिल नहीं है, जैसा की ट्रस्ट ने अपने रिपोर्ट में घोषित किया है |
7. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, **बीजेपी** ने अपने दान रिपोर्ट में Amravati Municipal Corporation (**अमरावती नगर निगम)** से **रु 4.80 लाख** का दान घोषित किया है लेकिन पार्टी ने इस दान का पता, पैन और बैंक का नाम आदि का कोई विवरण नहीं दिया है | इंटरनेट पर इस दानदाता का नाम खोजने से पता चलता है की उपरोक्त दाता महाराष्ट्र सरकार की स्थानीय निकाय है (जैसे उनकी वेबसाइट पर उल्लेख किया गया है) | यह एक नगर निगम (जिसका महापौर और उप महापौर बीजेपी से हैं) द्वारा राजनीतिक दल को दान किये गए दानराशि की वैधता पर सवाल उठाता है जो एक शासकीय निकाय है |

जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 29 बी (डी) में कहा गया है कि :

धारा 29 बी के तहत राजनीतिक दल योगदान स्वीकार करने के हकदार हैं

कम्पनी अधिनियम 1956 (1 का 1956) के प्रावधानों के अधीन, प्रत्येक राजनीतिक दल सरकारी कंपनियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति या कम्पनी द्वारा स्वेच्छा से दिए गए योगदान कि किसी भी राशि को स्वीकार कर सकता है | बशर्ते कि कोई भी राजनीतिक दल विदेशी अंशदान अधिनियम 1976 (1976 का 49) कि धारा दो के खंड (ई) के तहत परिभाषित किसी भी विदेशी स्त्रोत से किसी भी योगदान को स्वीकार करने के पात्र नहीं होगा |

**व्याख्या** -

इस धारा और धारा 29 सी के प्रयोजनों के लिए – (डी) "व्यक्ति" का अर्थ आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) कि धारा 2 के खंड (31) के तहत दिया गया है, लेकिन इसमें सरकारी कंपनी, स्थानीय प्राधिकरण और सरकार द्वारा आंशिक रूप से वित्त पोषित प्रत्येक कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति पूरी तरह से शामिल नहीं हैं |

यहाँ यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि किसी राज्य का विधानमंडल, क़ानूनी रूप से राज्य कि संचित निधि से नगर पालिकाओं को इस तरह के सहायता अनुदान देने का प्रावधान कर सकता है |

8. नगर निगम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत परिभाषित ' राज्य' की परिभाषा के अंतर्गत आता है | अनुच्छेद 243Q के तहत नगर निगमों को भी संवैधानिक दर्जा दिया गया है | इन अनुच्छेदों की प्रकृति, दायरा और उद्देश्य स्पष्ट रूप से नागरिकों के मौलिक अधिकारों को अपने अक्षर और भावना में लागू करने के उद्देश्य से हैं | इन राज्य एजेंसियों का सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक कर्तव्य राजनीतिक धन को शामिल नहीं करना है | इस स्थिति को सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न घोषणाओं के माध्यम से स्पष्ट रूप से समझाया है : रतलाम बनाम श्री वीरचंद और संगठन ( 1980 AIR 1622), आर डी शेट्टी बनाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया एंड अदर्स (1979 SCR(3)1014 ), सुभाष चंद्र बनाम गुलाब एंड अदर्स (2016)4 SCC750 और कर्नाटक स्टेट पोलुशन कण्ट्रोल बोर्ड बनाम हीरा नाइक एंड अदर्स (C.A. Nos 1734-1736/2019).
9. जब किसी सरकारी कंपनी या सार्वजनिक उपक्रम को किसी भी राजनीतिक दल को दान करने से प्रतिबंध किया जाता है और किसी भी उललंघन के मामले में उसके लिए दंडात्मक परिणाम होते हैं | यह समझ से बाहर है कि एक नगर निगम जो संविधान 12 के अनुच्छेद 234Q के अनुसार, नगर निगम राज्य द्वारा संचालित संवैधानिक निकाय है वह राजनीतिक दल को कैसे दान कर सकता है | नगर निगम मुख्य रूप से स्थानीय स्वशासन के संस्थान हैं और उनकी आय का स्त्रोत वे कर हैं जो नागरिकों से एकत्र करते हैं | यह करदाताओं का पैसा सार्वजनिक स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा, नियामक कार्यों, सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के कार्यों और विकास गतिविधियों पर खर्च किया जाता है इसलिए वे संवैधानिक और वैधानिक दायित्व के तहत राजनीतिक दलों को दान नहीं कर सकते हैं |
10. इसके अतिरिक्त **बीजेपी** ने अपने दान विवरण में तीन दान-दाताओं से **रु 1.516 करोड़** कि **भूमि** प्राप्त करने कि घोषणा कि है, ये तीन दान-दाता **बिहार** के **झांझापुर** के हैं | इन भूमि कि कीमत **रु 36.80 लाख**, **रु 50 लाख** और **रु 64.88 लाख** है | हालाँकि भूमि दान देने वाले दान दाता का मोड ऑफ़ पेमेंट की जानकारी नहीं है साथ ही भूमि कहा पर दान की है उसका भी पूरा व्योरा(पता, खसरा नं आदि) दान विवरण रिपोर्ट में पार्टी ने घोषित नहीं किया है |

11. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए **सीपीएम** ने अपने दान विवरण में **द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम** (डीएमके) से **रु 10 करोड़** की दान राशि **8 दानों** से प्राप्त करने की घोषणा की है |

## एडीआर के सुझाव

1. सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक, दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए | जिन दान दाताओं ने न्यूनतम रु 20,000 या उससे अधिक (एक या एक से अधिक) का दान किये हैं, उन्हें अपना पैन विवरण प्रदान करना चाहिए |

2. सभी दान दाताओं का पूर्ण विवरण आरटीआई के तहत सार्वजनिक जाँच के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए| भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इनमें से किसी भी देश में धन के स्रोत का लगभग **50%** अज्ञात होना संभव नहीं है, लेकिन वर्तमान में भारत में ऐसा है।

3. राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को आदर्श रूप से सार्वजनिक जाँच के लिए चुनाव आयोग को समय पर दान का पूर्ण और सही विवरण जमा करके वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने का उदाहरण देना चाहिए |

4. यदि किसी राजनीतिक दल द्वारा व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट से नगद के माध्यम से प्राप्त दान का आवश्यक विवरण (जैसे नाम, पता, पैन और भुगतान का तरीका) नहीं दिया हो तो चुनाव आयोग को अपनी वेबसाइट पर ऐसे राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराना चाहिए |

5. चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट की अधूरी जानकारी और गलत विवरण देने वाले दलों को उनका दान रिपोर्ट वापस कर देना चाहिए तथा उन्हें आधी-अधूरी विवरण जमा करने से रोकना चाहिए |

6. राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए**,** ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

7. राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और गैर-मान्यता प्राप्त दलों की दान रिपोर्ट की वार्षिक जाँच सीबीडीटी के एक समर्पित विभाग द्वारा शुरू की जानी चाहिए, ताकि फर्जी कंपनियों या अवैध संस्थाओं से दान को हतोत्साहित किया जा सके |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के वेबसाइट में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

# सम्पर्क

## नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)



| | | | |
|---|---|---|---|
| **Media and Journalist Helpline:**<br>+91 80103 94248,<br>Email:<br>adr@adrindia.org | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)**<br>Head - NEW/ADR<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | **Prof Jagdeep Chhokar**<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member-NEW/ADR<br>jchhokar@gmail.com | **Prof Trilochan Sastry**<br>IIM Bangalore<br>Founder Member- NEW/ADR<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gamil.com |

# अनुबंध-1- राष्ट्रीय दलों को प्राप्त शीर्ष 10 दान का विवरण

## भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)

| BJP- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Name** | **Complete Address of the Contributing Person/Company** | **PAN (Yes/No)** | **Amount of Contribution (Rs.)** | **Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash)** |
| 1 | Jankalyan Electoral Trust | B-2804, 28th Floor, D.B. Woods, Krishnavatika Marg, Gokuldham, Goregaon (E) Mumbai-400063 | Yes | 39,80,00,000 | 680018, Vijaya Bank, Kalina Mumbai-400029 |
| 2 | ITC Ltd . | Thapar House ,2nd Floor , 124 ,Janpath New Delhi -110001 | Yes | 30,51,94,805 | Cheque HSBC BBD Bagh, Dalhousie Square, Kolkata -700001 |
| 3 | New Democratic Electoral Trust | 3rd Flr, Civil Count Plot 24/26, Mhakavi Bhusan Road Royal Cinema, Colaba, Mumbai | Yes | 30,00,00,000 | 000127, HDFC Bank, Kamila Mills Branch, 1sth Flr, Lower Parel Mumbai-400013 |
| 4 | Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1 Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi-2 | Yes | 30,00,00,000 | 000502, HDFC Bank, 759, ITC Centre, Anna Salai, Opp. TVS Chennai-600002 |
| 5 | Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1 Bahadurshah Zafar Marg New Delhi-2 | Yes | 25,00,00,000 | 000531, HDFC Bank, 759, ITC Centre, Anna Salai, Opp. TVS Chennai-600002 |
| 6 | Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1 Bahadurshah Zafar Marg New Delhi-2 | Yes | 25,00,00,000 | 000532, HDFC Bank, 759, ITC Centre, Anna Salai, Opp. TVS Chennai-600002 |
| 7 | Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1 Bahadurshah Zafar Marg New Delhi-2 | Yes | 25,00,00,000 | 000540, HDFC Bank, 759, ITC Centre, Anna Salai, Opp. TVS Chennai-600002 |
| 8 | B.G. Shirke Construction Technology Pvt Ltd | 72-76, Mundhawa, Pune-411036 | Yes | 25,00,00,000 | 470951, Bank of Maharashtra, Deccan Gymkhana, Pune, Cheque Date-19.10.19 |
| 9 | Gulmarg Realtors Llp | Sagar Avenue, 4th Floor, S.V. Road, Andheri West, Mumbai-400058 | Yes | 20,00,00,000 | 341520, Union Bank of India, Vile Parle West Br.Cheque Date-21.10.19 |
| 10 | ITC Ltd. | 2nd Floor, 124, Janpath, New Delhi-110001 | Yes | 17,67,73,500 | Cheque, HSBC, 31 BBD Bagh, Dalhousie Square, Kolkata 700001 |

## इंडियन नेशनल कांग्रेस (कांग्रेस)

| INC- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Name** | **Complete Address of the Contributing Person/Company** | **PAN (Yes/No)** | **Amount of Contribution (Rs.)** | **Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash)** |
| 1 | M/s Jankalyan Electoral Trust | B-2804, 28th Floor D.B. Woods, Krishna Vatika Marg, Gokuldham, Goregaon (E), Mumbai | Yes | 25,00,00,000 | Ch.No-680017, Dt-15.04.2019, Vijaya Bank, Kalina Mumbai |
| 2 | M/s New Democratic Electoral Trust | 3rd Floor, Cecil Court, Plot No-24/26, MB Road, Regal Cinema, Colaba, Mumbai | Yes | 10,00,00,000 | Ch.No-000128, Dt-04.04.2019, HDFC Bank Ltd, Kamala Mills, Camp Lower Parel, Mumbai |
| 3 | M/s Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi | Yes | 7,00,00,000 | Ch.No-000394, Dt-12.04.2019, HDFC Bank Ltd, 26-K.G. Marg, New Delhi |
| 4 | M/s Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-000507, Dt-01.05.2019, HDFC Bank Ltd, 26KG Marg, New Delhi |

| INC- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name | Complete Address of the Contributing Person/Company | PAN (Yes/No) | Amount of Contribution (Rs.) | Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash) |
| 5 | M/s Oasis Realty | Sugar Avenue-402, 54-B, Junction of SV Road, and Lalubhai Park Road Andheri West Mumbai | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-032750, Dt-10.05.2019, UBI Juhu Vile Parle (W) Mumbai |
| 6 | M/s Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-000520, Dt-16.05.2019, HDFC Bank Ltd, 26KG Marg, New Delhi |
| 7 | M/s ITC Limited | Thapar House, 2nd Floor, 124, Janpath New Delhi | Yes | 4,76,19,048 | Ch.No-002175, Dt-29.04.2019, Tha Hong Kong and Sanghai Banking Corporation Ltd, 31 BBD Marg, Kolkata |
| 8 | M/s ITC Limited | Thapar House, 2nd Floor, 124, Janpath New Delhi | Yes | 4,68,75,000 | Ch.No-913985, Dt-28.03.2019, HDFC Bank Ltd, Central Plaza, Kolkata |
| 9 | M/s Prudent Electoral Trust | G-15, Hans Bhawan, 1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi | Yes | 4,00,00,000 | Ch.No-000530, Dt-30.05.2019, HDFC Bank Ltd, 26KG Marg New Delhi |
| 10 | M/s ITC Ltd | Thapar House, 2nd Floor, 124, Janpath New Delhi | Yes | 3,03,37,500 | Ch.No-120614, Dt-22.10.2019, Hongkong & Sanghai Banking Corp, Ltd, BBD Bagh, Kolkata |

## नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)

| NCP- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name | Complete Address of the Contributing Person/Company | PAN (Yes/No) | Amount of Contribution (Rs.) | Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash) |
| 1 | B G Shrike Construction Technology Pvt Ltd | 72-76, Mundhwa Pune-411036 | Yes | 10,00,00,000 | Ch.No-785754, Dt-7.10.2019, Karnataka Bank Ltd, Pune, Dt-10.08.2019 |
| 2 | Modern Road Makers Pvt Ltd | 3rd Flr, IRB Complex, Chandivali Farm Chandivali Village, Andheri (East), Mumbai | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-114739, Dt-3.4.2019, Union Bank of India, Powai Mumbai, Dt-04.03.2019 |
| 3 | B G Shrike Construction Technology Pvt Ltd | 72-76, Mundhwa Pune-411036 | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-441739, Dt-4.4.2019, Bank of Maharashtra Pune, Dt-04.04.2019 |
| 4 | Lodha Developers Ltd | 412, 4th Floor, 17 G Vardhaman Chambers Cawasji Patel Road, Horniman Circle, Fort Mumbai-400001 | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-068482, Dt-15.4.2019, Kotak Mahindra Bank, Mumbai-400021, Dt-15.04.2019 |
| 5 | B G Shrike Construction Technology Pvt Ltd | 72-76, Mundhwa Pune-411036 | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-470885, Dt-16.10.2019, Bank of Maharashtra, Pune, Dt-17.10.2019 |
| 6 | B G Shrike Construction Technology Pvt Ltd | 72-76, Mundhwa Pune-411036 | Yes | 5,00,00,000 | Ch.No-470952, Dt-18.10.2019, Bank of Maharashtra, Pune, Dt-11.11.2019 |
| 7 | Serum Institute of India Pvt Ltd | Saroash Bhavan, 16-B/1, Dr. Ambedkar Road Pune-411001 | Yes | 3,00,00,000 | Ch.No-131748, Dt-14.10.2019, Dt-14.10.2019 |
| 8 | Panchshil Corporate Park Pvt Ltd | Teach Park One, Tower E,S.No-191/A/2A/1/2, Next to Don Bosco School, Off Airport Road, Yerwada, Pune-411006 | Yes | 3,00,00,000 | Ch.No-131748, Dt-9.10.2019, Standard Chartered Bank Kalyani Nagar, Pune, Dt-13.12.2019 |
| 9 | Panchshil Corporate Park Pvt Ltd | Teach Park One, Tower E,S.No-191/A/2A/1/2, Next to Don Bosco School, Off Airport Road, Yerwada, Pune-411006 | Yes | 2,50,00,000 | RTGS, Dt-23.7.2019, Standard Chartered Bank, Kalyani Nagar, Pune, Dt-13.12.2019 |
| 10 | Dhariwal Industries Pvt Ltd | Manikchand House, 100/101, D. Kennedy Road, Pune-411001 | Yes | 2,00,00,000 | RTGS-HDFCR52019041073322093, HDFC Bank Ltd, Dt-11.4.2019, Dt-04.11.2019 |

# कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया – (सीपीआई)

| CPI- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Name** | **Complete Address of the Contributing Person/Company** | **PAN (Yes/No)** | **Amount of Contribution (Rs.)** | **Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash)** |
| 1 | Kerala State Council, Communist Party of India | M.N. Smarakam, Thycaud, Thiruvanthapuram-695014, Kerala | **No** | 23,67,480 | Cheque, Membership Fee |
| 2 | Telangana State Council, Communist Party of India | Makhdoom Bhavan, Himayat Nagar, Hyderabad-500029, Telangana | **No** | 14,70,200 | Bank Transfer, Membership Fee |
| 3 | Bihar State Council, Communist Party of India | Janshakti Bhavan, Adalatganj, Amarnath Road, Patna-800001, Bihar | **No** | 6,50,000 | Bank Transfer, Membership Fee |
| 4 | West Bengal State Council, Communist Party of India | Bhupesh Bhavan, 162-B, Acharya J.C. Bose Road, Kolkata-700014, West Bengal | **No** | 4,70,865 | RTGS, Membership Fee |
| 5 | D. Raja, Ex-MP General Secretary | 309, V.P. House Rafi Marg, New Delhi-1 | **Yes** | 3,00,000 | Bank Transfer, M.P. Levy |
| 6 | Binoy Viswam, M.P. | 116, North Avenue, New Delhi-110001 | **No** | 3,00,000 | Bank Transfer, M.P. Levy |
| 7 | K. Subbarayan, M.P. | 44, South Avenue, New Delhi-110011 | **Yes** | 3,00,000 | DD, M.P. Levy |
| 8 | M. Selvaraj, M.P. | 46, South Avenue, New Delhi-110011 | **Yes** | 3,00,000 | DD, M.P. Levy |
| 9 | Telangana State Council, Communist Party of India | Makhdoom Bhavan, Himayat Nagar, Hyderabad-500029, Telangana | **No** | 3,00,000 | RTGS, Membership Fee |
| 10 | Odisha State Council, Communist Party of India | Bhagbati Bhavan, 16 Ashok Nagar Unit-II, Bhubaneswar-751009, Odisha | **No** | 2,72,340 | RTGS, Membership Fee |

# कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया - मार्क्सिस्ट (सीपीएम)

| CPM- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Name** | **Complete Address of the Contributing Person/Company** | **PAN (Yes/No)** | **Amount of Contribution (Rs.)** | **Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash)** |
| 1 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 2,50,00,000 | NEFT, Dt-9.4.19 |
| 2 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 2,50,00,000 | NEFT, Dt-11.4.19 |
| 3 | Muthoot Finance Limited | Trivandrum | Yes | 2,00,00,000 | 844322, Dt-29.4.19, Dhanlekshmi Bank |
| 4 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 1,00,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |
| 5 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 1,00,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |
| 6 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 1,00,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |
| 7 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 1,00,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |
| 8 | Kalyan Jewellers | Trivandrum | Yes | 1,00,00,000 | 961918, Dt-4.5.19, Axis Bank |
| 9 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 50,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |
| 10 | Dravida Munnetra Kazhagam | | Pan Incorrect | 50,00,000 | NEFT, Dt-5.4.19 |

# आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी)

| AITC- Financial Year- 2019-20- Top 10 donations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name | Complete Address of the Contributing Person/Company | PAN (Yes/No) | Amount of Contribution (Rs.) | Mode of Contribution *(Cheque/Demand Draft /cash) |
| 1 | New Democratic Electoral Trust | 3rd Floor, Cecil Court, Plot-24/26, Mahakavi Bhushan Road, Regal Cinema, Colaba Mumbai | Yes | 2,00,00,000 | Cheque |
| 2 | Shreechand Saraogi | 70, N.N. Road, Cooch Behar-736101 | Yes | 1,50,00,000 | Cheque |
| 3 | Texmaco Infrastructure Holding Ltd | Belgharia, Kolkata-700056 | Yes | 50,00,000 | Cheque |
| 4 | Texmaco Rail & Engineering Ltd | Belgharia, Kolkata-700056 | Yes | 50,00,000 | Cheque |
| 5 | Century Plyboard India Ltd | Century House, P-15/1, Taratala Road, Kolkata-700088 | Yes | 50,00,000 | Cheque |
| 6 | Star Cement Ltd | Lumshnong, P.O. Khaliehriat, East Jaintia Hills, Meghalaya-793210 | Yes | 50,00,000 | Cheque |
| 7 | Great Eastern Energy Corporation Ltd | M-10, ADDA Industrial Estate, Asansol-713305, West Bengal | Yes | 25,00,000 | Cheque |
| 8 | Girija Kumar Choudhary | Block CF 20, Sector-1, Salt Lake City, Kolkata-700064, (W.B) | Yes | 25,00,000 | Cheque |
| 9 | Sai Spectronics | 156A, Lenin Sarani, 407, kamalalaya Centre, Kolkata-700013 | Yes | 25,00,000 | Transfer |
| 10 | Nitesh Kumar Gupta | Acropolis-13th Floor, 1858/1, Rajdanga Main Road, Kasba, Kolkata-700107, (W.B) | Yes | 20,00,000 | Cheque |